Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 08-05-2007

Participants : Argal Shri Ashok

an>

Title: Regarding alleged kidnapping of an officer belonging to SC Community.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना): सभापति महोदय, मैं एक दलित अधिकारी का विाय उठा रहा हूं। एक दलित अधिकारी डॉ. फूलचंद राम, जो एफसीआई में कार्यकारी निदेशक थे, गोहाटी शहर से उल्फा द्वारा उनका अपहरण किया गया। 17 तारीख से आज तक उनका कोई पता नहीं है कि वे कहां हैं। उनकी फिरौती की खबर जरूर आई है कि 21 करोड़ रुपए दिए जाएं। शायद पहले से ही उनको अंदेशा था कि उनके साथ कोई भी घटना हो सकती है लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें कोई सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका ड्राईवर मुक्त हो गया है लेकिन आज तक डॉ. फूलचंद राम मुक्त नहीं हुए हैं। गृह मंत्रालय इस पर ध्यान दे कि डॉ. फूलचंद राम वापिस सकुशल वापिस आएं। मुझे लगता है कि अभी तक सरकार ने कोई प्रयास नहीं किया है जबकि मैं दो-तीन दिन से यहां नोटिस दे रहा था और सौभाग्य से आज आपके माध्यम से मौका मिला। मैं चाहता हूं कि गृह मंत्रालय इस विाय पर विशो ध्यान दे क्योंकि करोड़ों रुपए देने की उस परिवार की क्षमता नहीं है। उनका परिवार गाजियाबाद में रहता है। आज तक उनके विभाग का सीएमडी आदि उनके परिवार से मिलने तक नहीं गया, यह बहुत शर्म की बात है। मैं चाहता हूं ऐसी घटना आगे न हो क्योंकि उल्फा द्वारा और भी कई घटनाएं घटी हैं और आगजनी, विस्फोट आदि किया गया है लेकिन सरकार जागी नहीं है जिसके कारण दूसरी घटना हुई। मैं चाहता हूं कि सरकार जागे और डॉ. फूलचंद राम को सकुशल मुक्त कराए।